## जेवर में शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे

# प्रधानमंत्री आज एयरपोर्ट की आधारशिला रखेंगे

**नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जेवर एयरपोर्ट की आधारशिला रखने के लिए जेवर आएंगे। प्रशासन की ओर से कार्यक्रम के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। • हिन्दुस्तान

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को गौतमबुद्धनगर के जेवर में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की आधारशिला रखेंगे। इस हवाईअड्डे के पहले चरण के विकास में कुल 8914 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय में सचिव राजीव बंसल ने बुधवार को यह जानकारी दी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई मंत्री मौजूद रहेंगे। इस मौके पर जनसभा होगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि जेवर हवाईअड्डा उत्तर भारत के लिए एक प्रवेश द्वार साबित होगा और इससे उत्तर प्रदेश की सूरत ही बदल जाएगी। बंसल के मुताबिक, शुरुआत में यहां दो हवाईपट्टियां चालू होंगी।

### दिल्ली-एनसीआर का दूसरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

जेवर एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा होगा। दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से यात्रियों का बोझ कम हो सकेगा। नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़, आगरा, फरीदाबाद और पश्चिमी यूपी शेष जिले से जुड़े यात्रियों को सहूलियत होगी।

### प्रधानमंत्री का कार्यक्रम

प्रधानमंत्री सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे और एयरपोर्ट के दो मॉडलों को देखेंगे। पहले मॉडल में पहले चरण में पूरे किए जाने वाले कार्यों को दिखाया गया है। दूसरे मॉडल में एयरपोर्ट का बड़ा स्वरूप होगा, जिसमें तीनों चरणों का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद की तस्वीर है। इसके बाद वह शिलान्यास स्थल पर भूमि पूजन करेंगे।